समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# गौतम गंभीर इंग्लैडं दौरा बीच मे छोड़कर भारत लौटे, मां की तबीयत बनी चिंता का कारण।

Publisher

Published on 13 Jun 2025




## टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर को पारिवारिक आपातकाल के चलते इंग्लैडं से लौटना पड़ा भारत, मां सीमा गंभीर को आया दिल का दौरा, ICU मे भर्ती।

### इंग्लैडं दौरे के बीच गौतम गंभीर की इमरजेसी रवानगी

भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू हो रही 5 टेस्ट मैचों की सीरीज़ से पहले टीम इंडिया के हेड कोच **गौतम गंभीर** अचानक इंग्लैंड दौरा बीच में छोड़कर भारत लौट आए हैं। इसकी वजह उनकी **मां सीमा गंभीर** की तबीयत बिगड़ना बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, **सीमा गंभीर को हार्ट अटैक** आया है और उन्हें **ICU मे भर्ती** कराया गया है।

गंभीर 7 जून से इंग्लैंड में थे और टीम इंडिया इस समय **बेकेनहैम मे इंट्रा-स्क्वॉड प्रैक्टिस** मैच खेल रही है। लेकिन जैसे ही परिवार से गंभीर की मां की तबीयत खराब होने की खबर मिली, उन्होंने फौरन भारत वापसी की।

### गंभीर की मां की हालत अब स्थिर

**गौतम गंभीर** की **मां सीमा गंभीर** की हालत अब स्थिर बताई जा रही है और डॉक्टरों की निगरानी में हैं। गौतम गंभीर **17 जून** को फिर से इंग्लैंड रवाना होंगे और उम्मीद है कि वह **20 जून** को लीड्स में होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे।

**जानिए गंभीर का पारिवारिक परिचय**

**गौतम गंभीर** का परिवार दिल्ली में रहता है। उनके पिता **दीपक गंभीर टेक्सटाइल का व्यापार** करते हैं जबकि **मां सीमा गृहिणी** हैं। गंभीर की एक छोटी बहन एकता गंभीर भी हैं। अक्टूबर 2011 में गौतम गंभीर ने नताशा जैन से शादी की थी।

**भारत बनाम इंग्लैडं टेस्ट सीरीज़ का पूरा शेड्यूल**

टेस्ट मैच तारीखें मैदान

**पहला टेस्ट 20-24 जून हेडिंग्ले, लीड्स**

**दूसरा टेस्ट 2-6 जुलाई लॉर्ड्स**

**तीसरा टेस्ट 10-14 जुलाई ओवल**

**चौथा टेस्ट 23-27 जुलाई मैनचेस्टर**

**पांचवां टेस्ट 31 जुलाई – 4 अगस्त बर्मिंघम**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.